Tc.No.: GUJHIN00722

दैनिक

# क्रांति समय

संपादक : सुरेश मौर्या मो. 9879141480

E-mail: krantisamay@gmail.com

सूरत, वर्षः 1 अंकः 42, बुधवार, 07 मार्च 2018, पेजः 4, मुल्य 1 रु.

ऑफिसः- 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात

## सार समाचार

### बरेली में श्री श्री रविशंकर के लिए नहीं खुला मदरसे का गेट, क्लिक कर जानें पूरा मामला

**बरेली (एजेंसी)।** दरगाह आला हजरत में हाजिरी के बाद सीबीगंज क्षेत्र स्थित मदरसे पर पहुंचे श्री श्री रविशंकर। यहां इस्लामी मदरसा में उन्हें घुसने नहीं दिया गया। शहर काजी और ताजुश्शरिया के मदरसे को देखने के लिए श्री श्री रविशंकर और मौलाना तौकीर के नुमाइंदे नफीस खाँ के साथ गए थे। दरगाह का एक धड़ा श्री श्री रविशंकर के बरेली आने को लेकर खफा था। शहर काजी के दामाद सलमान हसन खान कादरी ने बताया कि श्री श्री रविशंकर के आने की हमें कोई सूचना नहीं थी और ना ही हमारे मदरसे में आने की कोई जानकारी दी गई। मदरसे के गेट 12 बजे बंद कर दिए जाते हैं हमारी इजाजत के बिना फिर वहां कोई नहीं जा सकता। गेट पर 15 मिनट खड़े रहने के बाद श्री श्री रविशंकर अलखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए।

### मेयर के खिलाफ सीबीआई में शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष व आप पार्षद राकेश कुमार ने मेयर प्रीति अग्रवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सीबीआई में शिकायत की है। पिछले महीने में आप के नेता मेयर पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इसको लेकर मेयर प्रीति अग्रवाल ने आप के कुछ नेताओं के खिलाफ मानहानि की नोटिस भी भेजा है। पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर आप प्रवक्ता दिलीप पांडेय और उत्तरी दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राकेश कुमार ने कहा है कि कई बार मेयर के खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूत जनता और मीडिया के समक्ष रखा जा चुका है। मेयर की ओर से मानहानि की नोटिस भी भेजा गया है। आप नोटिस से डरने वाली नहीं है। मेयर के भ्रष्टाचार के खिलाफ आज सीबीआई में भी शिकायत दर्ज करायी गई है। दिलीप पांडेय ने कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी के खिलाफ बिना सबूत के ही तमाम जांच एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो जाती है और कार्रवाई करती हैं ठीक उसी तरह से अब उत्तरी नगर निगम में मेयर और भाजपा नेता के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### शराब छुड़ाने के चक्कर में ली पति की जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक महिला ने तांत्रिक के साथ मिलकर पति को शराब पीने की लत से छुटकारा दिलाने के चक्कर में उसकी जान ले ली। मंदिर मार्ग थाना पुलिस ने महिला केवी रमा व तांत्रिक श्याम सिंह भगत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 26 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति को बेहोशी की हालत में राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। डॉक्टरों ने उसे उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस को पता चला कि एक महिला ने उसे भर्ती करवाया था, हालांकि जांच के दौरान महिला द्वारा बताया गया नाम और पता गलत निकला। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत व्यक्ति को जहर देने की बात सामने आने पर पुलिस ने जब अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उसमें एक संदिग्ध कार दिखी, जिसमें महिला उस व्यक्ति को लेकर आई थी। कार के पंजीकरण नंबर की मदद से महिला की पहचान काली बाड़ी मार्ग निवासी केवी रामा के रूप में हुई, जबकि अस्पताल में भर्ती शख्श की पहचान महिला के पति डीएस मूर्ति के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के भाई को आंध प्रदेश से बुलाया। पुलिस से बातचीत में मृतक के भाई ने भाभी पर हत्या का शक जताया। पुलिस ने जब महिला से पूछताछ की तो उसने पति को मारने की बात कबूल कर ली। आरोपी सरकारी कर्मचारी है। उसने पुलिस को बताया कि उसे जहर दक्षिण पुरी निवासी श्याम सिंह उर्फ भगत जी ने दिया था। वह एक तांत्रिक है और महिला अपने पति की शराब छुड़वाने के लिए उससे मिली थी। इस जानकारी पर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक को भी गिरफ्तार कर लिया।

### राफेल सौदे के खिलाफ यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राफेल लड़ाकू विमान सौदे में केंद्र सरकार पर घोटाले का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा के नेतृत्व में यहां रायसीना रोड पर सैकड़ों यूथ कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और गिरफ्तारियां भी दीं। हालांकि बाद में हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया गया।

### »» सीएस की याचिका पर एलजी, आप सरकार को नोटिस

# विधायक नितिन त्यागी से तीन घंटे पूछताछ

**मुख्य सचिव से मारपीट का मामला पुलिस ने पूछताछ की वीडियोग्राफी भी कराई पूछताछ के बाद आप विधायक को छोड़ा हाईकोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव अंशु प्रकाश के दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक में कथित रूप से भाग न लेने पर जारी नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर उपराज्यपाल, केजरीवाल सरकार और विधानसभा की दो समितियों से सोमवार को जवाब तलब किया।

मुख्य सचिव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने इन सभी को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है तथा मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल तय की है। मुख्य सचिव की तरफ से अधिवक्ता विवेक चिब ने न्यायालय से नोटिस रद्द करने का आग्रह करते हुए कहा कि मुख्य सचिव को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के समक्ष हाजिर होने के लिए कहा गया था, किंतु उन्हें न तो शिकायत की कॉपी दी गई और न ही उस पर उत्तर देने का मौका ही दिया गया। समिति की तरफ से बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होने के बाद समिति ने सदन की अवमानना के लिए अंशु प्रकाश के खिलाफ 21 फरवरी को विशेषाधिकार हनन कार्यवाही की सिफारिश की थी। इससे पहले मुख्य सचिव की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए न्यायालय ने दिल्ली सरकार की खिंचाई करते हुए सवाल किया था, आप ही के साथ ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।

आप अपने मुख्य सचिव की इज्जत क्यों नहीं करते। मुख्य सचिव ने अपनी याचिका में दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के उस आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसमें उन्हें और भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अन्य अधिकारियों को पांच मार्च को दोपहर तीन बजे समिति के समक्ष हाजिर होने के लिए निर्देश दिये गये थे। दिल्ली विधानसभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति की 21 फरवरी को बैठक थी। बैठक में मुख्य सचिव, सहकारी सोसायटी के पंजीयक जे बी सिंह और सहकारी सोसायटी के पूर्व पंजीयक शूरबीर सिंह को बुलाया गया था।

तीनों अधिकारियों में से कोई बैठक में हिस्सा लेने नहीं गया और न ही इस संबंध में कोई सूचना दी। अधिकारियों के बैठक में नहीं जाने के बाद मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया। इसके बाद एक मार्च को दिल्ली विधानसभा की विशेषधिकार समिति ने मुख्य सचिव और दोनों अन्य अधिकारियों को तलब किया।

### एयरपोर्ट पर फर्जी टिकट के साथ यात्री गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मी ने चेकइन एरिया में फर्जी टिकट सहित एक यात्री को गिरफ्तार किया है। रविवार देर रात 11 बजे दिल्ली निवासी एक यात्री थाईलैंड जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। चेक इन एरिया में जांच के दौरान सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मी ने टिकट पर ओवर राइटिंग देख संबंधित एयरलाइंस से बात की तो टिकट फर्जी निकला। इसके बाद सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मी ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जानकारी एयरपोर्ट पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची एयरपोर्ट पुलिस ने यात्री को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सीएम को अभी समझ में नहीं आ रहा अफसरों से कैसा व्यवहार करें

### »» बदले की भावना से काम कर रही सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेता एवं विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर आरोप लगाया है कि उनकी पूरी टीम अधिकारियों के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। यह टिप्पणी उन्होंने मुख्य सचिव अंशु प्रकाश एवं सरकार के बीच चल रहे विवाद पर दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी आने के बाद की है। नेता विपक्ष ने कहा कि अभी तक केजरीवाल की टीम को समझ नहीं आ रहा है कि वह अधिकारियों से किस तरह का व्यवहार करें। नेता विपक्ष ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने ठीक इसी तरह की टिप्पणी पूर्व मुख्य सचिव एमएम कुट्टी एवं मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के मामले में भी की थी। इससे साफ है कि केजरीवाल की पूरी टीम अधिकारियों के साथ बदले की भावना से काम करती है। गुप्ता ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि न्यायालय के चेताने के बाद भी केजरीवाल की टीम अपने व्यवहार में बदलाव लाने को तैयार नहीं है। सरकार के आला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस तरह का व्यवहार चिन्ताजनक है। मौजदा घटनाक्रम से ऐसा लगता है कि टीम केजरीवाल अधिकारियों से काम लेने में सक्षम नहीं है।

### »» कुख्यात वाहन चोर गिरफ्तार

# चोरी की 23 कार व दो बाइक बरामद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनकपुरी पुलिस ने एक कुख्यात वाहन चोर रवि उर्फ करन (28) को गिरफ्तार कर उससे चोरी की 23 कार व दो बाइक बरामद की हैं। पकड़े गए बदमाश की गिरफ्तारी से पुलिस 25 वारदातों को सुलझाने का दवा किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बदमाश पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में वाहन चोरी के लगभग 41 मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त विजय कुमार के मुताबिक 28 फरवरी को हेड कांस्टेबल जय प्रकाश ने जनकपुरी इलाके में गश्त के दौरान तिहाड़ जेल के गेट नम्बर-4 के पास एक सदिंग्ध युवक घूमते देख उसे पूछताछ के लिए रोक लिया। तलाशी में उसके पास से चार मास्टर की बरामद हुई, जिनसे व कारों के लॉक खोलता था। पुलिस ने उससे चोरी 23 कार और 2 बाइक बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह 10-12 साल पहले दिल्ली आया था और तभी से कीर्ति नगर इलाके में रह रहा था। अपने एक रिश्तेदार के साथ उसने गाड़ी चलाने का काम शुरू किया था, लेकिन बाद में बुरी संगत के चलते उसको जुआ और शराब की लत लग गई और वह वाहन चोरी करने लगा।

# राजबब्बर बोले-योगी से नहीं, पीठ व गेरुवे वस्त्र से डरता हूं

**गोरखपुर (एजेंसी)।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर ने कहा कि वह योगी आदित्यनाथ से नहीं, बल्कि उस पीठ से डरते हैं जिसके वह महंत हैं। मंदिर की गरिमा और उस वस्त्र से डरते हैं जो भारतीय संत परंपरा की वाहक रही है, इसलिए उन पर टिप्पणी नहीं करेंगे। सपा-बसपा के मिलन को उन्होंने स्वार्थ आधारित गठबंधन करार दिया और कहा कि स्वार्थ से नहीं बल्कि कोई भी लड़ाई त्याग से जीती जाती है।

कांग्रेस की परंपरा में त्याग व जनकल्याण रहा है और आगे भी रहेगा। इसी के बूते हम चुनाव मैदान में हैं और दोनों सीटों पर मजबूती से लड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को टाउनहाल के होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने गोरखपुर व फूलपुर संसदीय सीट से उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के बारे में अफवाह उड़ाने वालों को सावधान करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार व पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह है। जनता का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है।

गोरखपुर से हमारी प्रत्याशी डॉ. सुरहिता चटर्जी करीम की छवि ईमानदार व कर्मठ नेता की है। इसीलिए जनता का उन्हें भरपूर प्यार व समर्थन मिल रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमने बीते विधानसभा चुनाव में सपा से गठबंधन किया था।

इसका मकसद गरीबों को उनका हक दिलाना व अमन चैन का राज कायम करना था। कुर्सी के लेन देन को लेकर



गठबंधन नहीं था।

**विचार थोपने से देश मजबूत नहीं होगा**

कांग्रेस भारतीय संविधान पर भरोसा करते हुए जनकल्याण की बात करती है। हमारा स्पष्ट मानना है कि किसी विचार के थोपने से देश मजबूत नहीं होगा। गरीब, किसान व नौजवान मजबूत होगा तो ही देश मजबूत होगा।

मेघालय व गोवा में पर्याप्त सीटें मिलने के बाद भी सरकार नहीं बना पाने को उन्होंने चंद उद्योगपतियों की देन करार दिया। 2019 में कांग्रेस क्या अकेले दम पर लड़ेगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजस्थान व मध्यप्रदेश के उपचुनावों में जनता ने इसका जवाब दिया है।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने भाजपा पर व्यंग्य किया कि आज जिनके हाथ में उस्तरा है, कल वह दूसरों के हाथ भी आएगा। कहा कि ईवीएम पर जो सवाल उठ रहे हैं, उसका संज्ञान लेकर चुनाव आयोग को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

## राज बब्बर बोले, सपा और बसपा का गठबंधन स्वार्थ का बंधन

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर ने सपा और बसपा के गठबंधन को स्वार्थ का बन्धन करार दिया है। राजबब्बर ने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा ट्वीट कर कहा कि जिनको मौके मिले उन्होंने धोखे दिए और अब अक्षमता को सांप्रदायिकता से ढकना चाहते हैं। राजबब्बर ने कहा कि दूसरी तरफ दो दलों का 'स्वार्थबंधन'। जनता को नहीं, पदों को निहारा जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस इन चालबाजियों के बीच जनता जनार्दन से गठबंधन के लिए खड़ी है। जिनको मौके मिले उन्होंने धोखे दिए - अब अक्षमता को सांप्रदायिकता से ढकना चाहते हैं। दूसरी तरफ दो दलों का 'स्वार्थबंधन'- जनता को नहीं, पदों को निहारा जा रहा है। इससे पहले गोरखपुर में कांग्रेस प्रत्याशी सुरहिता करीम के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे राजबब्बर ने सपा-बसपा की दोस्ती पर कहा, उन्होंने ये नहीं कहा कि आवाम के लिए गठबंधन किया है। उन्होंने ये नहीं कहा कि इसे देश और प्रदेश में अमन और चैन का रास्ता बनाने के लिए गठबंधन किया है. उन्होंने कहा है एक हाथ ले, एक हाथ दे. राज्यसभा जाने के लिए यह गठबंधन हुआ है।

### वर्ष 2018-19 के बजट को ग्रीन बजट बनाने की तैयारी में जुटी सरकार

# पौधरोपण पर 50 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**तीन वर्षो में वायु प्रदूषण से निपटने में असफल रही है दिल्ली सरकारजौनापुर में 600 एकड़ वन विभाग को मिली पर होगा वृक्षारोपण स्कूलों में सीसीटीवी लगाने के लिए भी होगी राशि आवंटित**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार पिछले तीन वर्षो के शासन काल में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने में पूरी तरह विफल रही है इसलिए आनन फानन में वर्ष 2018-19 के बजट को ग्रीन बजट बनाने की तैयारी में जुटी है व पौधरोपण मद में 50 करोड़ रपए खर्च करने की योजना पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री अनधिकृत कालोनी में ज्यादा खर्च करने के साथ-साथ पानी-बिजली पर दी जा रही सब्सिडी को भी जारी रखने की योजना को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

दिल्ली सरकार के वन विभाग को करीब 600 एकड़ भूमि दक्षिण दिल्ली के जौनापुर में राजस्व विभाग ने सौंप दी है। यह भूखंड असोला वन क्षेत्र के आस पास है जिसे हरित पट्टी के रूप में विकसित करना संभव है। इस बड़े भूखंड पर पौधरोपण कर हरित पट्टी को बढ़ाना संभव हो सकेगा। साथ ही पौधरोपण मद में पचास करोड़ के आवंटन से पूरे वर्ष पौधरोपण कार्यक्रम को गति दी जा सकेगी।

दिल्ली सरकार विधान सभा के संभावित चुनाव को ध्यान में रखकर बिजली व पानी पर दी जा रही सब्सिडी को वित्त वर्ष 2018-19 में जारी रखेगी। साथ ही सरकार ने अनधिकृत कालोनी पर एक हजार करोड़ से ज्यादा राशि खर्च करने का मन बना लिया है। शिक्षा बजट पर मंगलवार के विमर्श किया जाएगा। वर्ष 2018-19 में स्कूलों में 20 हजार कमरे बनाने, स्कूलों में सीसीटीवी लगाने, मॉडल स्कूल की संख्या बढ़ाने सहित अन्य सुविधा देने पर विचार जारी है। शिक्षा बजट के कुल बजट का करीब 24 फीसद हिस्सा आवंटित होना संभव है। स्वास्थ्य विभाग पर सात हजार करोड़ खर्च करने की योजना को अभी अंतिम रूप देना बाकी है।

इसमें एक हजार करोड़ से अधिक रुपए के बजट से अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने, 94 पॉलीक्लीनिक बनाने सहित अन्य को प्राथमिकता दी जाएगी। सोमवार को बजट को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधान वित्त सचिव के साथ लंबी बैठक की। यह प्रक्रिया अभी जारी रहेगी।

### कैबिनेट बैठक को लेकर अधिकारी संशय में

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह कैबिनेट की बैठक में सीसीटीवी लगाने का मुद्दा अभी थमा नहीं है। एक उच्च अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मंगलवार को कैबिनेट बैठक में सीसीटीवी लगाने के लिए मुख्यमंत्री आदेश करेंगे तो कैबिनेट बैठक कक्ष में सीसीटीवी लगा दिया जाएगा। पिछले सप्ताह कैबिनेट बैठक में सीसीटीवी लगाने की सूचना सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव मनोज परीदा को मिली तो उन्होंने इस पर एतराज किया था। मनोज परीदा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कैबिनेट बैठक की सीसीटीवी फुटेज मांग ली थी। अगले दिन मुख्यमंत्री कार्यालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को जो फुटेज उपलब्ध कराया उसमें कुछ भी नहीं दिख रहा था, इस कारण विभाग ने फुटेज लौटा दिया गया। सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्य मंत्री व मुख्य सचिव के बातचीत के महत्वपूर्ण अंश सीसीटीवी में कैद थे जो हटा दिए गए थे। अब मंगलवार को कैबिनेट की बैठक तय की गई है। इस बैठक को लेकर अधिकारी कई प्रकार के कयास लगा रहे हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री को कई महत्वपूर्ण फैसले लेने हैं।

# ''रेप रोको'अभियान के समर्थन में उतरीं फिल्मी हस्तियां

**फरहान अख्तर, शंकर महादेवन तथा कैरालिसा मोंटेरियो, ल्यूक केन्नी (रॉक ऑन फेम), गायिका अनुष्का मनचंदाना और महालक्ष्मी अय्यर ने अभियान को दिया समर्थन अभियान के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जारी करेंगे म्यूजिक वीडियो**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के ''रेप रोको' आंदोलन को अभिनेता फरहान अख्तर, गायक व संगीतकार शंकर महादेवन तथा कैरालिसा मोंटेरियो, अभिनेता और संगीतकार ल्यूक केन्नी (रॉक ऑन फेम), गायिका अनुष्का मनचंदाना और महालक्ष्मी अय्यर ने सर्थन दिया है। ''रेप रोको' आंदोलन के समर्थन ये सभी मिल कर एक म्यूजिक वीडियो बनाएंगे, जिसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ मार्च को जारी किया जाएगा। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति जयहिंद ने कहा कि इस वीडियो को बच्चों के बलात्कार के खिलाफ संदेश देने और दिल्ली महिला के ''रेप रोको' आंदोलन को समर्थन देने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वीडियो के माध्यम से कलाकारों ने आयोग द्वारा 37 दिन चलाए जा रहे सत्याग्रह के साथ एकजुटता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस वीडियो की रूपरेखा तब तैयार हुई जब ''फिर देखिए' फेम बॉलीवुड गायिका कैरालिसा मोंटेरियो ने रेपरोको आंदोलन का थीम सांग बनाने के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि आठ महीने की बच्ची से बलात्कार के खिलाफ लोग अपनी चुप्पी तोड़ रहे हैं। सभी धाराओं से लोग रेप रोको अभियान में जुड़ रहे हैं और बलात्कार के खिलाफ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को दिल्ली में बड़ा आंदोलन होगा और मैं सभी से प्रार्थना करती हूं कि इस अभियान को अपना समर्थन दें, ताकि वालात्कारियों को छह महीने की भीतर मौत की सजा दिलाने का कानून बने।

स्वास्थ्य वह मूल तत्व है, जो जीवन की सारी खुशियों को जीवंत बनाता है और स्वास्थ्य के बिना वे सभी नष्ट और नीरस होती हैं -विलियम टैम्पल

## उम्मीदवारों को वोट

उत्तर प्रदेश में दो लोक सभा उपचुनावों के लिए भाजपा के खिलाफ सपा बसपा के साथ आने को इस समय राजनीति की महत्त्वपूर्ण घटना मान लेना जरा कठिन है। बसपा की नीति उपचुनाव लड़ने की कभी नहीं रही है। इस बार भी उसने वह नीति कायम रखी है। हां, बदलाव इतना है कि इस बार बसपा के समर्थकों को सपा के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील मायावती ने कर दी है। इसका असर कितना होगा, देखना होगा। सपा से सबसे ज्यादा नफ़रत करने वाली मायावती ने यदि ऐसा फैसला किया है तो यह उनकी राजनीतिक मजबूरी का ही द्योतक है। यह उन्होंने स्वीकार भी किया है। भविष्य के किसी गठबंधन से अभी उन्होंने साफ इनकार किया है। वस्तुत: आगामी राज्य सभा एवं चुनावों में बसपा की हैसियत अपने से एक उम्मीदवार भी जिताने की नहीं है। उसी तरह सपा भी अपने दम पर दो उम्मीदवारों को राज्य सभा नहीं भेज सकती। इसलिए वे तत्काल साथ दिख रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तो बसपा से गठबंधन की चाह कई बार व्यक्त कर चुके थे। किंतु बसपा ने कभी उसका सकारात्मक प्रत्युत्तर नहीं दिया तो इसका कारण दो दशक पूर्व मायावती के साथ गेस्टहाउस में सपाइयों द्वारा बरती गई अभद्रता रही। किंतु राजनीतिक मजबूरियां कई बार चाहत बदलने को मजबूर कर देती हैं। बसपा के सामने वैसे भी अपने राजनीतिक अस्तित्व का संकट है। हालांकि इस समय यह भाजपा के लिए निश्चय ही एक चुनौती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में उसके पास लोक सभा की सबसे अधिक सीटें हैं। उसके लिए गोरखपुर व फूलपुर संसदीय सीट बचाना जरूरी है। इन सीटों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या की प्रतिष्ठा जुड़ी है। इन सीटों के चुनाव परिणामों का भारतीय राजनीति पर गहरा असर होगा। बसपा-सपा ने भाजपा को पटखनी दे दी तो फिर उनके बीच आगे गठबंधन की संभावना बनेगी और दूसरे राज्यों में कई दल अगले विधानसभा चुनावों व फिर लोक सभा चुनाव में साथ आ सकते हैं। इसके विपरीत भाजपा ने बाजी मार ली तो संदेश यही जाएगा कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी अपराजेय है। इससे विपक्ष में गहरी निराशा पैदा होगी। इस तरह बसपा-सपा के तात्कालिक रणनीतिक मिलन में जोखिम भी है। वैसे भी, बसपा-सपा का सम्मिलन कांग्रेस के लिए बड़ा आघात है। विधानसभा चुनावों में सपा व कांग्रेस का गठबंधन था। इस चुनाव में वह गठबंधन टूट गया जो कांग्रेस के लिए बड़े झटके से कम नहीं है।

## परीक्षाफल में घपला

अमूमन एकाध प्रतियोगी परीक्षाओं को छोड़ दें तो देश में कमोबेश ज्यादातर इम्तिहानों के पर्चे लीक हो जाते हैं या उनके परीक्षाफल में घपला किया जाता है। ताजातरीन मामला कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल टीयर-2 की सभी परीक्षाओं का है। इसी परीक्षा के बाद सोशल मीडिया में आंसरशीट के वायरल होने की खबर के बाद छात्रों को घोटाले का पता चला। आश्चर्य की बात है कि 27 फ़रवरी से राजधानी दिल्ली में परीक्षा को रद्द करने के अलावा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग शामिल थी। हद है कि हफ्ते दिन बाद आंदोलित छात्रों की मांग सरकार को माननी पड़ी और सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा। लेकिन यक्ष प्रश्न यही कि छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का मजाक कब तक चलेगा? कभी मेडिकल तो कभी इंजीनियरिंग और कभी अकादमिक परीक्षाओं में सेटिंग और पेपर लीक के मामले उजागर होते रहते हैं। मगर किसी को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि इस धांधली की मारक क्षमता कितनी घातक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आमतौर पर अपने संबोधन में युवा शक्ति का जिक्र बेहद संजीदगी से करते हैं। वो यह कहते नहीं अघाते कि किसी भी देश की असली ताकत युवा ही होते हैं। किंतु जिस प्रतियोगी परीक्षा को पास करके देश के युवा सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं, उसी में बेईमानों ने सेंधमारी कर रखी है। पिछली कई घटनाओं में ऐसा देखा भी गया है। लेकिन आसानी से छूट जाने से ऐसे गोरखधंधे बदस्तूर हैं। सिर्फ जुबानी खर्च करने से काम नहीं चलने वाला। अगर वाकई भारत युवा शक्ति के तौर पर विश्व के बाकी मुल्कों से ऊपर है तो इसे साबित भी करना होगा। देश की करीब 65 फीसद आबादी की आयु 35 साल से कम है। इसका लाभ लेने के बजाय सरकार अगर सतही तरीके से युवाओं के साथ पेश आएगी तो भविष्य की कल्पना का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। युवा देश का वर्तमान हैं तो भूत और भविष्य के सेतू भी। इसे समझने में देरी करना आने वाली पीढ़ी से अन्याय करने जैसा होगा।

## सत्संग

### सत्य

अपना अनुभव ही सत्य है और इसके अतिरिक्त कुछ भी सत्य नहीं है। सत्य तो प्रत्येक व्यक्ति की निजी खोज है। कोई दूसरा किसी को सत्य नहीं दे सकता। सत्य दिया नहीं जा सकता, पाया जरूर जा सकता है। इसलिए मैं जो कह रहा हूं, उससे आपको कोई सत्य ही दिखा दे रहा हूं, ऐसा नहीं है। न ही इसमें मुझे कोई आनंद उपलब्ध होता है कि आप जो मैं कहूं, प्रशंसा करें, उसका समर्थन करें। फिर मैं क्यों कुछ बातें कह रहा हूं। एक आदमी को दिखाई पड़ता हो कि आप जिस रास्ते पर जा रहे हैं, वह रास्ता गड्डों में कांटों में ले जाने वाला है, और आपसे कह दे कि इस रास्ते पर कांटे हैं और गड्डे हैं। तो वह आपको कोई उपदेश नहीं दे रहा है। केवल इतना कह रहा है कि जिस रास्ते से मैं परिचित हूं उस रास्ते पर किसी को जाते हुए देखना अमानवीय है, अत्यंत हिंसक सत्य है। सड़क के किनारे प्रकाश के खंभे लगे हुए हैं, स्ट्रीट लाइट लगी है। जिस आदमी ने सबसे पहले फिल्डेल्फिया में सबसे पहला रास्ते के किनारे का प्रकाश लगाया, वह था बेंजामिन फ्रेंकलिन। तब तक दुनिया में रास्तों के किनारे कोई प्रकाश नहीं लगाए जाते थे, रास्ते अंधेरे होते थे। बेंजामिन ने सबसे पहले अपने घर के सामने एक बत्ती लगाई, एक खंभा लगाया। पड़ोस में लोगों ने कहा, क्या तुम यह दिखलाना चाहते हो कि तुम्हारे पास पैसे हैं? क्या तुम दिखलाना चाहते हो कि तुम्हारे घर में बड़ा प्रकाश है? यह प्रकाश किसलिए लगाना चाहते हो? क्या घर की सजावट करना चाहते हो? बेंजामिन फ्रेंकलिन ने कहा, नहीं, रास्ते पर ऊबड़-खाबड़ पत्थर हैं, रात में यात्री भटक जाते हैं, कोई गिर भी जाता है, रास्ता खोजना मुश्किल हो जाता है। इसलिए मैं एक प्रकाश लगाता हूं कि राह चलने वाले लोगों को मेरे घर के सामने के पत्थर तो कम से कम दिखाई पड़े, कोई उनसे टकरा न जाए और न गिर जाए। उसने तो प्रकाश लगा दिया। वह बड़े धार्मिक भाव से रोज संध्या अपना दीया जला देता घर के सामने का। लेकिन पड़ोस के लोग उसके दीये को उठाकर ले जाते। कोई उसका दीया बुझा जाता। जिनके लिए वह दीया लगाया गया था वे ही उसको बुझा देते और उठाकर ले जाते। लेकिन धीरे-धीरे वह रोज लगाता ही गया उस दीए को। न तो वह प्रकाश के संबंध में कोई घोषणा कर रहा है, न कोई प्रचार। लेकिन उसके ही घर के सामने लोग अंधेरे में टकरा जाएं, यह उससे नहीं देखा गया। इसलिए प्रकाश का एक दीया अपने घर के सामने जलाता रहा।

# क्रम व सूचकांक

**संभव नहीं कि किसी देश की एक-एक संस्था का सविस्तार अध्ययन कर लिया जाए। वास्तव में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सूची जटिल है जिसमें अलग-अलग संस्थानों के जरिए जुटाए आंकड़ों के आधार पर भ्रष्टाचार का अनुमान लगाया जाता है। कई बार आकलन करने वालों की अपनी राजनीतिक विचारधारा भी होती है, जिसका कुछ असर तो रिपोर्ट पर पड़ता है। किंतु यह इस समय दुनिया भर में मान्य हो गई है। इसमें विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और ऐसे दूसरे संगठनों द्वारा तैयार आंकड़ों के साथ विश्लेषकों, कारोबारियों और विशेषज्ञों के आकलन और अनुभवों को आधार बनाया जाता है।**

सतीश पेडणोकर

इंटरनेशनल की ताजा रैंकिंग भारत के लिए कोई अच्छी खबर नहीं लाई है। 2017 के लिए दुनियाभर के 180 देशों में भारत को 81वां स्थान मिला है। कहा जा सकता है कि भारत कम से कम दुनिया के ज्यादा भ्रष्ट 99 देशों से ऊपर तो है। किंतु इसका दूसरा सच यह है कि 2016 की रैंकिंग में भारत को 79वां स्थान मिला था। इस आधार पर देखा जाए तो हम दो अंक और नीचे गिरे हैं। इसके कई अर्थ निकाले जा सकते हैं जिनमें सबसे प्रमुख यही है कि सरकार के तमाम दावों व कोशिशों के बावजूद दुनिया की नजर में हमारी छवि अभी भी एक भ्रष्ट देश की है। भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत को 100 में से 40 अंक मिलना भी हमें सांत्वना नहीं दे सकता क्योंकि पिछले साल इसे इतने ही अंक मिले थे। ध्यान रखिए कि जिस देश को जितने ज्यादा अंक मिलते हैं, वह उतना कम भ्रष्ट माना जाता है। निश्चित ही भारतीय होने के नाते हमारी चाहत होगी कि हम भी कभी दुनिया के सबसे कम भ्रष्ट पांच देशों में शुमार हों। किंतु यह मंजिल तब से हम से दूर है, जब से ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने देशों का क्रम व सूचकांक जारी करना शुरू किया। हालांकि कौन देश कितना भ्रष्ट है, इसका एकदम सटीक आकलन नहीं हो सकता। किसी संस्था के सर्वेक्षण करने की सीमाएं हैं। संभव नहीं कि किसी देश की एक-एक संस्था का सविस्तार अध्ययन कर लिया जाए। वास्तव में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सूची जटिल है जिसमें अलग-अलग संस्थानों के जरिए जुटाए आंकड़ों के आधार पर भ्रष्टाचार का अनुमान लगाया जाता है।

कई बार आकलन करने वालों की अपनी राजनीतिक विचारधारा भी होती है, जिसका कुछ असर तो रिपोर्ट पर पड़ता है। किंतु यह इस समय दुनिया भर में मान्य हो गई है। इसमें विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और ऐसे दूसरे संगठनों द्वारा तैयार आंकड़ों के साथ विश्लेषकों, कारोबारियों और विशेषज्ञों के आकलन और अनुभवों को आधार बनाया जाता है। इतना ही नहीं इसमें पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं के लिए काम की आजादी जैसी कसौटियां भी अपनाई जाती हैं। इस तरह यह एक विश्वसनीय रिपोर्ट बन जाती है। हम इस पर जो भी प्रतिक्रिया व्यक्त करें लेकिन दुनिया इसके प्रिज्म से हमें देख सकती है। इस नाते हर भारतीय के लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार चोट करने के दावों के बावजूद हमारा क्रम क्यों नहीं सुधर रहा? उतने अंक क्यों नहीं मिल रहे, जिससे दुनिया में हम सिर उठाकर कह सकें कि देखो, हमारे देश में भ्रष्टाचार कितना कम हो गया है? आखिर, वह दिन कब आएगा? ऐसा नहीं है कि भारत सरकार ने भ्रष्टाचार को कम करने की कोशिशें नहीं की हैं। हां, ट्रांसपेरेंसी के आकलन से साफ है कि यह सब पर्याप्त नहीं है। नोटबंदी पर इस संस्था ने पिछले साल ही टिप्पणी कर दी थी। इसका मानना था कि यह भ्रष्टाचार पर कोई असर डाल सकी है, या नहीं, कोई अंदाजा नहीं मिल रहा। कहना न होगा कि ट्रांसपेरेंसी तथा जिन विश्लेषणों और आंकड़ों के आधार पर वह सूचकांक व क्रम बनाती है, उन सबका आकलन यही है। वस्तुत: भारत में भ्रष्टाचार कोई ऐसा छिपा हुआ तय नहीं है कि किसी रिपोर्ट के आधार पर इसकी पुष्टि हो सके। भ्रष्टाचार के मामले में आम आदमी के लिए स्थितियां बदल गई हों, ऐसा नहीं है। शीर्ष स्तर पर भी भ्रष्टाचार पर नजर रखने के उद्देश्य से लोकपाल कानून बन गया लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में विपक्ष के नेता का प्रावधान होने से यह आज तक लटका हुआ है। निकट भविष्य में लोकपाल की नियुक्ति होने के आसार नहीं हैं। आपके अनुभव की बात है कि आम आदमी को सामान्य सरकारी कायरे के लिए कहां-कहां किस तरह न चाहते हुए घूस देना पड़ती है। हालांकि भारत में विपक्षी नेताओं को काम करने की आजादी में कोई बाधा नहीं है। पत्रकारों को भी स्थानीय स्तरों पर कुछ समस्याएं आती हैं, पर कुल मिलाकर पत्रकारीय आजादी हमारे यहां अन्य अनेक देशों से बेहतर है। इसलिए प्रेस की आजादी के मामले में भारत को कमजोर बताने की बात से पूरी तरह सहमत नहीं हुआ जा सकता। इस मामले में फिलीपींस और मालदीव जैसे देशों की श्रेणी में भारत को रखना भी स्वीकार करने योग्य तय नहीं है। किंतु इसके परे जो कुछ है, उसे नंगी आंखों कोई भी देख सकता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने वाले क्या इस बात से इनकार कर सकते हैं कि भारत में जिसके पास प्रभाव और पैसा है, उसके लिए किसी काम में कोई बाधा नहीं और जो इससे वंचित हैं, उनके लिए बाधा ही बाधा?



तो जब तक यह स्थिति दूर नहीं होगी हमारी रैंकिंग और अंक सुधरेंगे कैसे? क्या सच नहीं है कि हमारे यहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तक को प्रभाव और पैसे वालों ने खोखला कर दिया है? इसी समय जो बैंकिंग घोटाले सामने आ रहे हैं, और जिस तरह डूबत कजरे के आंकड़े आ रहे हैं, उनके आलोक में भारत की कैसी छवि बनेगी? अभी हाल ही में भारत में स्वास्थ्य सेवा पर एक रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि किस तरह निजी अस्पताल मरीजों से तय मूल्यों से कई गुणा ज्यादा पैसा ऐंठते हैं। इन सारी स्थितियों के रहते हमारी रैंकिंग और अंक सुधर नहीं सकते। जाहिर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ताजा रिपोर्ट हमें आत्मसमीक्षा करके भ्रष्टाचार के विरुद्ध समग्र व्यापक अभियान के लिए प्रेरित करने वाली होनी चाहिए। भ्रष्टाचार का एक पक्ष कानूनी अवश्य है जिसमें सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रश्न भी है। भ्रष्टाचार में आचार शब्द है, जिसका आशय हमारे आचरण से है। सब कुछ हमारे आचरण पर निर्भर करता है। कठोर नियम-कानूनों तथा उनको समुचित तरीके से लागू करने वाली एजेंसियों को सक्रिय करने के साथ समाज का मानस बदलने की भी आवश्यकता है।

समाज में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक घृणा का भाव पैदा करने के लिए सतत जनजागरण अभियान चलाना होगा। ऐसा किया गया तो निश्चय मानिए इसी ट्रांसपेरेंसी संस्था को अपनी सूची में भारत को ऊपर लाना होगा। क्या सरकारें तथा हमारे-आपके जैसे जागरूक नागरिक इसके लिए तैयार हैं?

## चलते चलते

### कामरेड-दलित, आदिवासी, पिछड

त्रिपुरा से वामपंथी सरकार 25 साल बाद उखड़ी। इस अवसर पर एक वरिष्ठ कामरेड से संवाद हुआ। मैंने उनसे निवेदन किया-दिल्ली बवाना की फैक्टरियों में मजदूर जल कर मर गए, आप ना गए वहां।

कामरेड-दलित, आदिवासी, पिछड़े और मजदूर की लड़ाई है हमारी। जी थोड़ा फैक्ट देख लें-दलित आपके साथ नहीं हैं, मायावती जी से पूछ लें। आदिवासी की बात यह है कि त्रिपुरा में बीस सीटें थीं आदिवासी इलाकों की। पिछड़े किसके साथ हैं, यह लालू जी, मुलायम जी से पूछ लें। कामरेड-हम विकास ला रहे थे त्रिपुरा में। जी थोड़ा फैक्ट देख लें, चौथे वेतन आयोग की सेलरी मिल रही है त्रिपुरा में सरकारी कर्मचारियों को। बाकी जगह तो सातवें

**मैंने उनसे निवेदन किया-दिल्ली बवाना की फैक्टरियों में मजदूर जल कर मर गए, आप ना गए वहां। कामरेड-दलित, आदिवासी, पिछड़े और मजदूर की लड़ाई है हमारी। जी थोड़ा फैक्ट देख लें-दलित आपके साथ नहीं हैं, मायावती जी से पूछ लें। आदिवासी की बात यह है कि त्रिपुरा में बीस सीटें थीं आदिवासी इलाकों की। पिछड़े किसके साथ हैं, यह लालू जी, मुलायम जी से पूछ लें। कामरेड-हम विकास ला रहे थे त्रिपुरा में। जी थोड़ा फैक्ट देख लें, चौथे वेतन आयोग की सेलरी मिल रही है त्रिपुरा में सरकारी कर्मचारियों को।**

वेतन आयोग पर भी नाराजी शुरू हो गई है। कामरेड-तुम नासमझ हो। जी वैसे अब इस मुल्क में क्रांति कहां कहां हो रही है बताइए। कामरेड-जेएनयू, केरल में। जी-जेएनयू इतनी क्रांति मची रहती है, तो उसके पास के इलाकों में पार्षद, विधायक और एमपी वामपंथी होने चाहिए। क्यों नहीं हैं। कामरेड-जनता नासमझ है।जी आप समझा कहां पाए। कामरेड-पब्लिक अगर ना समझे, तो हम क्या करें। जी पब्लिक तो दूर आप अपने बेटे को ना समझा पाए। बेटा आपका अमेरिकन मल्टीनेशनल में काम करता है।

कामरेड-नौजवान हमारी बात नहीं सुन रहे हैं। जी नौजवान आपके बयानों को नहीं, आपके और आपके परिवार के एक्शन को फ ॉलो करते हैं। आप तारीफबेटे के मल्टीनेशनल की जॉब की करते हैं। जो नौजवान आपसे दो चार बार मिल लेता है, वह भी मल्टीनेशनल जॉब जुगाड़ने में जुट जाता है। कामरेड-पब्लिक समझती नहीं है। जी कामरेड दरअसल, पब्लिक अब आपको बहुत अच्छी तरह समझ रही है।

## फोटोग्राफी...



*यह फोटो आर्कटिक से लगे अमेरिका के अलास्का के एलिएस्का स्की रिजॉर्ट का है, जिसे टेड कुंटर ने रेडिट पर अपलोड किया है। उन्होंने लिखा कि वे स्नोबोर्डिंग के लिए पर्वत चोटी पर जाना चाहते थे, लेकिन मौसम साफ नहीं होने के कारण उन्हें मना कर दिया गया। इसके बावजूद वे केबल कार में बैठकर धुंध से होते हुए 840 मीटर की ऊंचाई पर स्थित शीर्ष चोटी पर पहुंचे। वे स्नोबोर्डिंग नहीं कर पाए, लेकिन उन्हें खुशी है कि वे प्रकृति के इस दृश्य को देख पाए। 1954 में एलिएस्का स्की कॉर्पोरेशन तैयार हुआ और 1959 में वहां पहली चेयरलिफ्ट शुरू की गई। 2003 में इस जगह को अमेरिका के नेशनल रजिस्टर ऑफहिस्टोरिक प्लेसेस में शामिल किया गया।* reddit.com

## भूत-प्रेत

वैज्ञानिक चिंतन के प्रति प्रतिबद्धता जारी रखने के लिए संसद ने भले ही साठ साल पहले संविधान में धारा 51 ए को जोड़ा हो, भले ही यह राज्य पर वैज्ञानिक एवं तार्किक सोच को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी डालता हो, मगर उसी मुल्क की अलग अलग विधानसभाओं या उनाके सदस्यों में इन दिनों भूत-प्रेत की सायाओं की र्चचा जोर पकड़ती दिख रही है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 3 दिसम्बर, 2017 को 14 वीं विधानसभा के चार सालों में 9 सदस्यों के असमय निधन की र्चचा करते हुए सदस्यों ने विधानसभा भवन में ''वास्तुदोष' की र्चचा की। किसी ने यह भी याद दिलाया कि इसी विधानसभा में 21 जुलाई, 2016 को सीहोर जिले में हुई आत्महत्याओं पर प्रस्तुत सवाल के लिखित उत्तर में सरकार ने बताया था कि इन आत्महत्याओं में से ''कुछेक लोगों ने भूत-प्रेत के कारणों से आत्महत्या की है।' मध्य प्रदेश में उठी र्चचा थमी ही थी कि बिहार सरकार के पूर्व काबिना मंत्री तेजप्रताप ने यह कह कर सनसनी फैला दी कि उनके बंगले में ''भूत छोड़े गए हैं' जिसके लिए उन्होंने सरकार को जिम्मेदार ठहराया। राजस्थान विधानसभा में कुछ सदस्यों ने तो बाकायदा कहा कि ''विधानसभा में बुरी आत्माओं का साया है। तभी तो आज तक सदन में 200 विधायक एक साथ नहीं रहे। कभी किसी की मौत हो जाती है, कभी किसी को जेल। आत्माओं की शांति के लिए हवन और पंडितों को भोजन कराने की जरूरत है।' एक वरिष्ठ सदस्य ने कमेटी बना कर भूत-प्रेतों की जांच कराने की मांग की। यह सलाह भी दी कि रात के बारह बजे के बाद यहां पर र्चचा जारी न रखी जाए क्योंकि उसके बाद ''भूत-प्रेत विचरने लगते हैं' तो किसी अन्य सदस्य ने बाकायदा एक तांत्रिक को बुला कर चार घंटे तक उससे विधानसभा भवन का मुआयना करवाया और उससे सलाह ली। 2017 के मध्य में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भरी सभा के सामने तांत्रिक अपना कारनामा दिखा रहे थे, पीछे संगीत की धुन चल रही थी, वह अपने को लोहे की जंजीरों से पीट रहे थे और जनता ही नहीं, बल्कि सूबा गुजरात के उपरोक्त दोनों मंत्री उस नजारे को देख रहे हैं। बाद में दोनों मंत्री ''झाड़ फूंक करने वालों' के सम्मान समारोह में-जिसमें वह करीब सौ ओझाओं से हाथ मिलाते भी दिखे। स्पष्ट है कि उनका आचरण भारतीय संविधान की मूल भावना के प्रतिकूल था, जो धारा 51 ए /एच/में स्पष्ट करती है कि यह सभी नागरिकों की बुनियादी जिम्मेदारी होगी ''वैज्ञानिक चिंतन, मानवता और अनुसंधान को विकसित करेंगे।' बाद में जब हंगामा हुआ तो उन्होंने ''दैवी शक्ति के उपासकों' से मिलने की बात कह कर अपना बचाव किया। गनीमत थी कि उनकी इस सहभागिता को लेकर दलितों और अन्य उत्पीड़ित तबकों ने विरोध किया, जिसमें उनका कहना था कि एक तरफ ग्रामीण गुजरात ऐसे हजारों तांत्रिकों/ओझाओं के चंगुल में फंसे हैं-जो अंधश्रद्धा से युक्त तमाम कारनामों को अंजाम देते हैं-वहीं संविधान की कसमें खाए मंत्री उन्हें महिमामंडित करते हैं। जादूटोना पर पाबंदी विधेयक, 2010 को लेकर संसद में चली र्चचा में यह तय उजागर हुआ था। समाज के मानस को बदलने के लिए हमें कितनी मेहनत करनी पड़ेगी, यह विचारणीय मसला है। और संसद विधानसभाएं ही नहीं खुद न्यायपालिका भी कई बार संविधान के बुनियादी उसूलों के हिसाब से स्पष्ट स्टैंड लेने से बचती दिखती है। इस प्रसंग पर लिखे अपने आलेख ''क्या सरकारी भूमि पूजन उचित है?' लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता राम पुनियानी ने कुछ महत्वपूर्ण मसले उठाए थे। उनका कहना था कि शासकीय कार्यक्रमों में किसी धर्मविशेष के कर्मकांडों का स्वीकार संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है।

# भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 175 रन का लक्ष्य दिया

**कोलंबो (एजेंसी)।**

शिखर धवन की शानदार 90 रनों की पारी की बदौलत भारत ने श्रीलंका को 175 रनों का लक्ष्य दिया है. टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 174 रन बनाए. भारत का आखिरी विकेट ऋषभ पंत के रूप में गिरा जिन्होंने एक चौके और एक छक्के के साथ 23 गेंदों पर 23 रन बनाए. दिनेश कार्तिक ने केवल 6 गेंदों पर दो चौकों के साथ 13 रन बनाए.

इससे पहले 17 ओवर के बाद भारत का स्कोर धवन 150 करने के बाद 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर शिखर 6 छक्के और 6 चौकों के साथ 90 के स्कोर आउट हो गए. शिखर को दानुश्का गुनाथीलका ने परेरा के हाथों कैच आउट कराया. शिखर के आउट होने के समय भारत का स्कोर 153 रन हो गया था और चार खिलाड़ी आउट हो गए थे.

इससे पहले 13वें ओवर की मनीष पांडे जीवन मेंडिस की गेंद पर आउट हो गए. मनीष का कैच दानुश्का गुनाथीलका ने पकड़ा मनीष ने 35 गेंदों पर शानदार 37 रन बनाए. उनकी जगह ऋषभ पंत बल्लेबाजी करने आए. इससे पहले भारत की खराब शुरुआत के बाद शिखर धवन और मनीष पांडे ने भारत की पारी को संभाला और स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया और 12 ओवर तक भारत के 100 रन पूरे कर दिए.

इससे पहले 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर शिखर धवन ने टी20 करियर में अपना पांचवां अर्धशतक पूरा किया. धवन ने केवल 30 ही गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. दोनों ने मिलकर दस ओवर तक भारत का स्कोर 80 तक पहुंचा दिया. शिखर 28 गेंदों में 45 रन जबकि मनीष पांडे 25 गेंदों में 25 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे. हालांकि आठवें ओवर की पहली ही गेंद पर मनीष पांडे के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील हुई लेकिन श्रीलंका का रीव्यू भी काम न आया और भारत के पचास रन पूरे हो गए.

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहले दो विकेट दो ओवर बाद ही खोने के बाद पांच ओवर की समाप्ति पर 35 रन बना लिए हैं. शिखर धवन केवल 16 गेंदों पर 4 चौकों के साथ 25 रन बना कर टीम इंडिया का स्कोर आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे वहीं मनीष पांडे ने भी अपने हाथ खोलकर खेलने की कोशिश की और पांचवे ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगा दिया. मनीष सात गेंदों पर 5 रन ही बना सके.

पहले ओवर में रोहित शर्मा के आउट होने के बाद दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर नवान प्रदीप ने सुरेश रैना को बोल्ड आउट कर दिया. दो ओवर की समाप्ति के बाद टीम इंडिया बैकफुट पर आगई है. दो ओवर खत्म होने के बाद टीम इंडिया का स्कोर दो विकेट खोकर केवल 9 रन था. शिखर एक चौके के साथ 7 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि रैना की जगह मनीष पांडे बल्लेबाजी करने आए है.

पहले ओवर की चौथी ही गेंद पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दुश्मंथा चमीरा की गेंद पर जीवन मेंडिस को कैच दे बैठे और बिना कोई खाता खोले ही पवेलियन वापस चले गए. उनकी जगह सुरेश रैना बल्लेबाजी करने आए हैं. दूसरे छोर पर शिखर धवन मौजूद हैं जिन्होंने अभी तक एक भी गेंद का सामन नहीं किया है. पहले ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट के नुकसान पर केवल 2 रन ही था.

भारतीय क्रिकेट टीम यहां के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में निडास ट्रॉफी ट्राई टी-20 सीरीज के पहले



मैच में मेजबान श्रीलंका का सामना कर रही है. मैच का टॉस हो चुका है. टॉस श्रीलंका ने जीता है और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है. पूरी पिच पर सूखी घास बताई जा रही है. उम्मीद है कि यह पिच बल्लेबाजों को भरपूर मदद करेगी. मैच हाई स्कोर होने की उम्मीद है.

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टॉस हारना चिंता की बात नहीं है. हमें 40 ओवर तक अच्छा क्रिकेट खेलना होगा. हम ताजा शुरुआत करना चाहते हैं. युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन मौका है. उन्होंने घरेलू टूर्नामेंट में बढ़िया प्रदर्शन किया है.वहीं श्रीलंका के कप्तान दिनेश चंडिमल ने कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे. पिच अच्छी दिख रही है. हम भारत को रोकना चाहेंगे जिससे हमें दूसरी पारी में बढ़िया स्कोर मिले. हम सात बल्लेबाजों और चार गेंदबाजों के साथ उतर रहे हैं.

इस त्रिकोणीय सीरीज में भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें हिस्सा ले रही हैं. रोहित शर्मा इस सीरीज के लिए भारत के कप्तान हैं. इस सीरीज के लिए नियमित कप्तान विराट कोहली, दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी, तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एवं जसप्रीत बुमराह, स्पिनर कुलदीप यादव और हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या को इस सीरीज के लिए आराम देकर नए चेहरों को टीम में शामिल किया है.

## भारतीय महिला हाकी टीम ने कोरिया को 3-2 से हराया



**इंचियोन।** भारतीय महिला हाकी टीम में पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण कोरिया को3-2 से शिकस्त देकर श्रृखला में2-0 की बढ़त ले ली।कोरियाई टीम दो बार भारतीय बढ़त को बराबरी में बदलने में कामयाब रही लेकिनआखिर में अपने शानदार खेल के दम पर भारतीय टीम विजेता बनी। भारत के लिए पूनम रानी( छठा मिनट), कप्तान रानी रामपाल(27 वें मिनट) और गुरजीत कौर(32 वें मिनट) ने गोल दागे जबकि कोरियाई टीम के लिए यूरिम ली (10 वें मिनट) और जुनगेयून सेओ(31 वें मिनट) ने गोल किये। शुरूआती मैच में जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में ही आक्रामक खेल दिखाया और पूनम ने छठे मिनट में ही टीम को बढ़त दिला दी।इस क्वार्टर में कोरियाई टीम को भी कई मौके मिले जिसमें दो पेनल्टी कार्नर भी शामिल है। इसमें से एक पेनल्टी को यूरिम ने गोल में बदल कर स्कोर को1-1 कर दी। दूसरे पेनल्टी कार्नर को भारतीय खिलाड़ियों ने रोकर कर कोरिया को पहले क्वार्टर में बढ़त बनाने से रोक दिया। मैच के दूसरे क्वार्टर के शुरूआत में भी कोरिया टीम ने भारतीय टीम को दबाव मे लाकर दो पेनाल्टी कर्नर हासिल किया लेकिन युवा गोलकीपर स्वाति की चपलता ने उसे गोल में नहीं बदलने दिया। 27 वें मिनट में शानदार टीम खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ी कोरियाई रक्षा पंक्ति को भेदने में सफल रहे और रानी ने गोलकर टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। जुनगेयून ने तीसरे क्वाटर के शुरूआत में ही मैदानी गोल के बूते स्कोर को 2-2 से बराबर कर दी। हालांकि इसके एक मिनट के बाद ही भारतीय टीम को पेनल्टी मिला जिसे गुरजीत कौर ने गोल में बदल को मैच में तीसरी बार भारत टीम की बढ़त कायम कर दी जो आखिर तक कायम रही।श्रृंखला का तीसरा मैच आठ मार्च को खेला जाएगा।

## इस सत्र में ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतना है लक्ष्य : सेरेना



**न्यूयार्क।** तेईस बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सेरेना विलियम्स डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की तैयारियों में जुटी हैं और उनका कहना है कि वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। सेरेना इस हफ्ते इंडियन वेल्स हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेंगी जो 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने के बाद उनका पहला पूर्ण टूर्नामेंट होगा। जब सेरेना ने पिछले साल मेलबर्न में यह ट्रॉफी हासिल की थी, तब वह गर्भवती थीं। इसके बाद से सितंबर में उनकी बेटी के जन्म तक वह 2017 में नहीं खेल पाई।सेरेना और उनकी बहन वीनस विलियम्स ने सोमवार रात मेडिसन स्क्वायर गार्ड में हुए टाइ ब्रेक टेन्स टूर्नामेंट में शिरकत की। यह आठ महिला खिलाडियों का प्रदर्शनी टूर्नामेंट था जिसमें आमतौर पर होने वाले गेम और सेट के बजाय 10 अंक के टाइब्रेकर मैच थे। सेरेना ने अपना पहला मैच जीता, लेकिन वह सेमीफाइनल में हार गई। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने चीन की झांग शुआई को 10-3 से हराकर 250,000 डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट जीत लिया। उन्होंने वीनस और कोको वांदेवेघे को पराजित किया। सेरेना इस साल यह पहला एकल मैच खेल रही थी, उन्होंने कहा कि यह मैच अच्छा रहा। काश मैंने कुछ और शाट लगा लिए होते। सेरेना ने पहले दौर में मारियन बार्तोली पर 10-5 से जीत दर्ज की। सेरेना पिछले महीने अपनी बहन वीनस के साथ फेड कप युगल मुकाबले में कोर्ट पर उतरी थीं लेकिन उन्हें हार मिली थी। सेरेना ने कहा कि उनका लक्ष्य इस सत्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर किसी को काफी उम्मीदें होनी चाहिए। मैं यही संदेश दे रही हूं। उन्हें इंडियन वेल्स में वरीयता नहीं मिली है और वह अपने अभियान की शुरूआत कजाखस्तान की 53वीं रैंकिंग की जरिना डियास के खिलाफ करेंगी। वीनस ने अपनी बहन के बारे में कहा कि उसमें ताकत और गहराई है। वह खेलना जानती है। बीती रात के मैच के बारे में उन्होंने कहा कि हां, मैच शानदार रहे।

## ऑस्ट्रेलिया से हारकर फाइनल की दौड़ से बाहर हुआ भारत

**नई दिल्ली।** भारत को पहले तीन क्वार्टर में लचर खेल के कारण आज यहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह 27 वें सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी में फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत तीसरे क्वार्टर के बाद 0-4 से पीछे चल रहा था, लेकिन रमनदीप सिंह (52, 53 मिनट) ने चौथे क्वार्टर में दो गोल दागकर हार का अंतर कम किया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्क नोल्स (28), एरेन जालेवस्की (35), डेनियल बीले(38) और ब्लैक गोवर्स (40) ने गोल किये। अपने कई सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम देने वाले भारत की टूर्नामेंट में यह दूसरी हार है। वह अपने शुरूआती मैच में अर्जेटीना से 2-3 से हार गया था। इसके बाद उसने इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोका था। भारत के लिये आज का मैच करो या मरो जैसा था, लेकिन आस्ट्रेलिया के सामने उसकी एक नहीं चली। पहले क्वार्टर में भारत ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा। उसे गोल करने के तीन मौके मिले लेकिन वह इन्हें नहीं भुना पाया। सबसे सुनहरा मौका आठवें मिनट में आया जब रमनदीप ने तब शिलानंद लाकड़ा को गेंद दी थी लेकिन वह ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एंड्रयू चार्टर को नहीं छका पाये। सुमित ने रिबाउंड भी लिया, लेकिन उनका शॉट बाहर चला गया। भारतीय टीम ने 28 वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक गंवाया जिस पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नोल्स ने करारा शॉट जमाकर गोल किया। भारत को दूसरा क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन युवा ड्रैग फ्लिकर वरूण कुमार का शाट क्रास बार से टकरा गया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकरों ने दूसरे क्वार्टर में गोल करने के कुछ मौके गंवाये लेकिन तीसरे क्वार्टर में उन्होंने ऐसी कोई गलती नहीं की। क्रेग के बेहतरीन पास पर जालेवस्की ने टीम की तरफ से दूसरा गोल किया. ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाये रखा और उसे जल्द ही पेनल्टी कार्नर मिला जिसे बीले ने गोल में तब्दील किया। इसके दो मिनट बाद गोवर्स ने पेनल्टी कार्नर पर रिबाउंड से गोल करके स्कोर4-0 कर दिया। भारत ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल करके वापसी की कोशिश की लेकिन तब तब बहुत देर हो चुकी थी। भारत को आखिरी क्षणों में पेनल्टी कार्नर भी मिला लेकिन वह बेकार चला गया।

## मनु भाकर ने फिर दिलाया भारत को स्वर्ण, इस बार ओमप्रकाश के साथ जीता पदक

**गुवादालाजरा (मैक्सिको) (एजेंसी)।**

अपने पहले विश्वकप में एकल स्वर्ण पदक जीतने वाली मनु भाकर ने जबरदस्त लय को बरकरार रखते हुए यहां चल रही आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में मंगलवार को ओम प्रकाश मिथरवाल के साथ एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में फिर से भारत की झोली में स्वर्ण पदक डाल दिया।

16 वर्षीय हरियाणा की मनु ने एक दिन पहले ही 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। मैक्सिको सिटी में चल रहे विश्वकप में शीर्ष पर चल रहे भारत की अन्य महिला निशानेबाज मेहुली घोष ने भी अपना दूसरा पदक जीता और तीन दिनों में भारत ने तीन स्वर्ण, चार कांस्य अपने नाम कर लिए।

मिश्रित टीम स्पर्धा की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु और ओमप्रकाश ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और क्वालिफिकेशन में 770 का स्कोर कर दूसरे स्थान पर रहे। उनसे आगे पति-पत्नी की जर्मन जोड़ी क्रिस्टियन और सांद्रा रेइट्ज ने क्वालिफिकेशन में 777 का स्कोर किया जो विश्वकप स्कोर रहा।

महिमा अग्रवाल और शाहजार रिजवी की दूसरी भारतीय जोड़ी 763 के स्कोर के साथ पांच टीमों के फाइनल राउंड में चौथे स्थान पर रही। इसके बाद फाइनल राउंड के लिए तीन जोडियां पदक के लिए होड़ में पहुंची जिसमें मनु-ओम प्रकाश के अलावा जर्मनी की रेइट्ज जोड़ी और जर्मन-फ्रेंच जोड़ी सेलिन गोबरविले और फ्लोरियन फुकेट शामिल थे।

तीनों जोड़ियों के बीच कड़ी स्पर्धा के बाद भारतीय टीम ने 38 शॉट्र्स के बाद जर्मन टीम को पीछे छोड़ा। हालांकि आखिरी छह शॉट्र्स के बाद जर्मन टीम 0.1 स्कोर के साथ आगे हो गई, लेकिन भारतीय



जोड़ी ने लगातार संघर्ष जारी रखा और 48 शॉट्स के बाद एक शॉट्र्स के अंतर से स्वर्ण अपने नाम किया। भारतीय टीम ने 476.1 का स्कोर किया जबकि रजत विजेता जर्मन टीम ने 475.2 का स्कोर किया।

इससे पहले मेहुली और दीपक कुमार की टीम ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

महिला ट्रैप स्पर्धा में सीमा तोमर का भारतीयों में सबसे संतोषजनक प्रदर्शन रहा और क्वालिफिकेशन में 111 के स्कोर के साथ वह 15वें स्थान पर रहीं। श्रेयसी सिंह ने 106 का स्कोर किया और 22वें स्थान पर रहीं जबकि शगुन चौधरी ने 101 का स्कोर किया और 26वें पायदान पर रहीं।

## वार्न ने वार्नर विवाद पर कहा, शिकायत करना बंद करो

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी शेन वार्न ने डरबन में पहले टेस्ट के दौरान डेविड वार्नर और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि कॉक के बीच हुएछींटाकशी विवाद के बाद कहा कि खिलाड़ियों को' छींटाकशी' के बारे में' शिकायत करना' बंद करना चाहिए। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि रविवार को चाय ब्रेक के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर जाने वाली संकरी सीढ़ियों पर वार्नर दक्षिण अफ्रीकी डि कॉक पर चिल्ला रहे थे।



उप कप्तान वार्नर को उनके साथी खिलाड़ी शांत कर रहे थे जो रिपोर्टों के अनुसार अपनी पत्नी कैंडिस पर की गयी टिप्पणी पर आपा खो बेठे थे। हालांकि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने इस बहस को बढ़ाने के लिये उन्हें दोषी ठहराया। अब इस पर फैसला मैच रैफरी जेफ क्रो लेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने आज कहा, 'इस घटना के बारे में दोनों टीमों के मैनेजर और मैच रैफरी ने बीती रात चर्चा की तथा यह अब इस फैसला मैदानी अंपायर और मैच रैफरी को करना है। मैच रैफरी ने दोनों टीमों को खेल भावना की बात बतायी जिसके अंतर्गत खेल खेलना चाहिए।'' हालांकि इस विवाद पर राय बंटी हुई है, जिसमें वार्न का कहना है कि खिलाड़ियों को' व्यक्तिगत' टिप्पणी करने से बचना चाहिए और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें' साथ मिलकर एक बीयर लेनी( पीनी) चाहिए' और निपटारा करना चाहिए।

## शिवा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, सीमा पूनिया ने जीता स्वर्ण पदक

**पटियाला (एजेंसी)।**

तमिलनाडु के सुब्रमणि शिवा ने 22वीं फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरूषों के पोल वॉल्ट में खुद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा जबकि सीमा पूनिया ने महिलाओं के चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी सीट लगभग पक्की की।

भारतीय सेना में हवलदार शिवा ने 5.15 मीटर की ऊंचाई पार करके 5.14 मीटर का खुद का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में ही पिछले साल बनाया था। इस रिकॉर्ड के बावजूद यह 21 वर्षीय एथलीट एएफआई द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों के तय किए क्वालीफाईंग मानक 5.45 मीटर तक पहुंचने में नाकाम रहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले तक बुखार से पीड़ित रहने के कारण वह इस दूरी तक नहीं पहुंच पाए। शिवा ने कहा कि पिछले दो दिनों से बुखार था। मैं अभ्यास में 5.40 मीटर कूद लगा रहा था। अगर मेरी फिटनेस अच्छी रहती तो मैं क्वालीफाईंग के करीब पहुंच जाता।

सीमा शुरूआती दिक्कतों के बाद गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एएफआई की 59 मीटर की दूरी पार करने में सफल रही। उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 61.05 मीटर चक्का फेंका जो कि मीट रिकॉर्ड भी है। यह सीमा का पिछले दो वर्षों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह वर्ष में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही थी।

पूनिया के बाद नवजीत कौर 57.75 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने इसी स्थान पर एक सप्ताह पहले भारतीय ग्रां प्री के पहले चरण में एएफआई नार्म हासिल कर लिया था। लक्ष्मणन ने पुरूषों की 5000 मीटर दौड़ 13 मिनट 47.28 सेकेंड में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता तथा नया मीट रिकॉर्ड बनाया। हालांकि वह 13 मिनट 25 सेकंड का राष्ट्रमंडल क्वालीफाईंग



मानक हासिल करने से चूक गए।

महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ एल सूरिया ने 15ः46ः96 के समय के साथ जीती। उन्होंने कहा कि वह जानती थी कि 15ः09ः00 के क्वालीफाईंग मानक को हासिल करना मुश्किल है। उनकी निगाह अब महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में क्वालीफाई करने पर है।

मौजूदा चैंपियन सरिता देवी को भी हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने के बाद निराशा हाथ लगी। उन्होंने 63.80 मीटर की दूरी तक तार गोला फेंका जो 65.25 मीटर के उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी कम है। राष्ट्रमंडल खेलों के लिये क्वालीफाईंग मार्क 68.32 मीटर रखा गया है। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में 700 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं जो कि गोल्ड कोस्ट खेलों के लिए चयन ट्रायल भी है।

## एबी डिविलियर्स के रनऑउट होने पर लियोन ने दी थी प्रतिक्रिया, लगा जुर्माना

**डरबन।** आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन पर पहले टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को रन आउट करने के बाद की गयी प्रतिक्रिया के लिये आज उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना किया गया। आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 118 रन से जीता लेकिन उसके खिलाड़ियों की दूसरी पारी में डिविलियर्स के नाटकीय तरीके से रन आउट होने के बाद जश्न मनाने के तरीके पर कड़ी आलोचना हुई।




डिविलियर्स सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम के साथ गफलत के कारण रन आउट हुए थे। इसमें वार्नर ने अहम भूमिका निभायी थी। आस्ट्रेलियाई उप कप्तान ने इसके बाद अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। नाथन लियोन ने गिल्ली गिराने के बाद डिविलियर्स की तरफ गेंद फेंकी और अपने साथियों के साथ जश्न मनाने के लिये दौड़ पड़े। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि लियोन की प्रतिक्रिया आचार संहिता का उल्लंघन है। मैच रेफरी जैफ क्रो ने लियोन पर जुर्माना लगाया। उन्हें एक डिमैरिट अंक भी मिला।

# कोहली दूसरे और पुजारा छठे स्थान पर बरकरार, अश्विन खिसके



**दुबई (एजेंसी)।**

भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ताजा जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में क्रमशः दूसरे और छठे स्थान पर कायम हैं जबकि गेंदबाजों की सूची में रविचंद्रन अश्विन एक स्थान फिसलकर छठे नंबर पर आ गये। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन टेस्ट में शानदार गेंदबाजी कर 'मैन आफ द मैच' बने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिशेल स्टार्क करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पांचवे स्थान पर पहुंच गये। स्टार्क ने मैच में 109 रन देकर नौ विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 118 रन से मात दी।

स्टार्क इस दौरान विरोधी टीम के गेंदबाज वर्नोन फिलैंडर और मोर्ने मोर्कल को पछाड़ने में कामयाब रहे। इससे पहले दिसंबर 2016 में वह करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग तक पहुंचे थे। उन्होंने मैच में 42 रन भी बनाए जिससे वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की सुधार के साथ 74वें स्थान पर आ गये और ऑलराउंडर की सूची में 312 अंक के साथ उन्होंने शीर्ष पांच में जगह बनायी।

रैंकिंग में बढ़त पाने वाले अन्य बल्लेबाजों में मार्श बंधु भी शामिल है। 73 रन की पारी खेलने वाले शॉन मार्श करियर के सर्वश्रेष्ठ 16वें स्थान पर पहुंच गये तो वहीं मिशेल मार्श 56वीं रैंकिंग से 43वें स्थान पर पहुंच गये। दोनों भाइयों की यह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। मैच में 32 और 143 रन की पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ऐडन मार्कराम भी रैंकिंग में 28 पायदान की सुधार के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 19वीं रैंकिंग पर पहुंच गये।

अपनी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को 2014 आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मार्कराम के लिए यह शानदार उपलब्धि है। वह सात टेस्ट मैच में रैंकिंग में शीर्ष 20 में आ गये। इस दौरान उन्होंने तीन शतक लगाये और दो बार 90 रन का स्कोर बनाने में सफल रहे। अन्य खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स एक स्थान के सुधार के साथ 12वें स्थान और क्विंटन डिकॉक तीन पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर आ गये। गेंदबाजो में मैच में नौ विकेट लेने वाले दक्षिण अफीका के केशव महाराज 18वें स्थान पर आ गये।

# भांजी को देह व्यापार के धंधे में धकेलने वाली मौसी को छह माह का है गर्भ

**संवाददाता, सूरत।** नानपुरा की किशोरी को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में गिरफ्फ्तार की गई उसकी 20 वर्षीय मौसी को पुलिस मेडिकल जांच के लिए सिविल में ले गई थी। जहां जांच के दौरान पता चला कि उसको छह माह का गर्भ है। पुलिस पूछताछ में उसने कबूल की कि मैं जबरन उससे शारीरिक संबंध बंधवाती थी। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में किशोरी की मौसी सहित पांच लोगों को कोर्ट ने 8 मार्च तक रिमांड मंजूर की है।

विवरण के अनुसार नानपुरा की टिमलियावाड में रहने वाली और जैन मंदिर में साफ-सफाई करने वाली विधवा मां की 15 साल 8 माह की पुत्री को उसकी सगी मौसी घूमने के बहाने मुम्बई ले गई और वहां पर करीब साढ़े तीन माह तक किशोरी से वेश्यावृत्त कराई थी। अठवा पुलिस ने किशोरी की मौसी और ग्राहक उमाकांत उर्फ रमाकांत उर्फ पेटु, शीलुसिंह, भावेश निखार और महेश उर्फ लालू कोली पटेल को गिरफ्तार की है। पुलिस ने पकड़े गए सभी को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में पेश की थी। जहां कोर्ट ने सभी आरोपियों की 8 मार्च तक रिमांड की मंजूरी दी है। कोसाड आवास में रहने वाली 20 वर्षीय युवती इस समय अठवा पुलिस के तहत रिमांड पर है। इसका चिकित्सकीय परीक्षण किया गया तो छह माह का गर्भ होने की वास्तविकता सामने आई है। उसने पुलिस के समक्ष कबूल किया कि कोसाडवास में ही रहने वाला रिक्शा चालक भावेश राजू निखार ने पांच माह पूर्व अपने संग विवाह करने का लालच देकर सहमति के बगैर व्यभिचार किया था और बाद में विवाह भी नहीं किया। कोसाड आवास में ही रहने वाला अन्य युवक शीलूसिंग महेन्द्रसिंग राजपूत ने भी इस युवती को उसकी बहन की बेटी के केस में फंसा देने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया था। पकड़ी गई किशोरी की मौसी बल्कि यूं कहा जाए कि युवती का सिविल में जांच के बाद जब पता चला कि उसे छह माह का गर्भ है तो गायनेक वार्ड में रेफर किया गया था। जहां से मौसी-युवती ने बाथरुम जाने के बहाने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई। जांच करने वाले अधिकारी ने बताया कि युवती फरार होने के बाद गोपीपुरा में रहने वाली अपने भाभी के यहां पहुंच गई थी। लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके फिर से गायनेक वार्ड में भर्ती किया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## नरक का द्वार



**सूरत।** टीकमनगर ईश्वर कृपा के समीप सब्जी मार्केट के पास मनपा द्वारा रखा गया कूड़ादान में प्लास्टिक एवं अन्य चीज -वस्तुओ को डाल दी जाती है। प्रतिदिन यह दौर चालू है। गए के पेट में प्लास्टिक जाता है ,उससे गाय असमय मौत के मूह में चली जाती है। व्यवस्था के नाम पर अन्याय हो रहा है। मनपा द्वारा साफ-सफाई के नाम पर नागरिको से करोड़ो रूपये का वेरा [टेक्स ] वसूल करती है ,मनपा नागरिको को स्वच्छ सिटी नहीं दे सकती है तो वेरा लेना बंद कर देना चाहिए।

## महिला के गले से चेन की छिनैती

**सूरत।** शहर के पिपलोद क्षेत्र की एक महिला के गले से तीन तोले सोने की चेन एक स्नेचर तोड़कर फरार हो गया। महिला ने उमरा पुलिस थाने में स्नेचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपलोद चांदनी चौक के बगल में ए-601 आगम टावर में रहने वाली पूनम अशोक गुरुदयाल युग (50 वर्ष) सोमवार को रात 11 बजे के करीब अपने घर के बगल की गली से जा रही थीं। उसी समय राधिका टेलर्स के सामने पहुंचते ही एक अज्ञात युवक पूनमबेन के गले से तीन तोले सोने की चेन झपटकर फरार हो गया।

# दक्षिण भारत की टेक्सटाइल पेढ़ी को 316 करोड़ में पलायन करने की चर्चा

सूरत। टेक्सटाइल क्षेत्र से संलग्न दक्षिण भारत की एक पेढ़ी को 316 करोड़ रुपए में पलायन कर जाने की चर्चा ने शहर के ट्रेडर्स की चिंता को बढ़ी दी है। 120 से 180 दिन की क्रेडिट देने वाली टेक्सटाइल उद्यमियों ने बिल के साथ ही तुरंत वसूली करना शुरू कर दिया है।

नीरव मोदी के बैंक घोटाले के बाद से शहर के डायमंड उद्यमियों की नींद उड़ गई है। ऐसे में टेक्सटाइल उद्योग के साथ जुड़ी दक्षिण भारत की बड़ी पेढ़ी द्वारा पलायन कर जाने की चल रही चर्चा से उद्यमियों की नीद हराम हो गई है।

व्यापारी वर्ग में चल रही चर्चा के अनुसार यह पेढ़ी शहर के छोटे-बड़े व्यापारियों के पास से वर्ष में 200 से 300 करोड़ रुपए का कपड़ा खरीदती है। इस पेढ़ी का शहर में तीन स्टोर है। एक सप्ताह से चल रही चर्चा के कारण व्यापारी पुराने से पुराने बिल के पेमेंट के लिए फोन करना शुरू कर दिए हैं। इसके उपरांत ही बाहर गांव में बिकने वाले कपड़ों का पेमेंट भी जल्दी कर देने की मांग व्यापारी शुरू कर दिए हैं।

मार्केट विस्तार के अग्रणी व्यापारी के मतानुसार दक्षिण भारत साड़ी बेचने का बड़ा केन्द्र है। स्थानीय मार्केट में कई व्यापारी साउथ के बाजारों में ड्रेस मैटेरियल्स बेचने का इरादा रखते हैं। जिस पेढ़ी को पलायन होने की चर्चा है उसके साथ शहर के 50-60 व्यापारी जुड़े हुए हैं और वे इस समय वसूली करना शुरू कर दिए हैं।

## गैस से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता, सूरत।** सलाबतपुरा क्षेत्र के सगरामपुरा में गैस जलाते समय अचानक आग भभकने से झुलसी महिला की एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान स्मीमेर अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगरामपुरा घर नं. 278 पुतली के पास मेन रोड कबीर मंदिर के पास रहने वाली भारतीबेन मनोज मिश्रा (45 वर्ष) गत 27 फरवरी को गैस का चूल्हा जलाते समय अचानक ही गैस तेजी से भभक पड़ी। जिससे भारतीबेन के पीठ का हिस्सा काफी जल गया था। गंभीर रूप से जुलसी भारतीबेन को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार को 1 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सलाबतपुरा पुलिस आकस्मिक दुर्घटना का मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

# वराछा क्षेत्र में हथियार लेकर घूमने वाली लेडी डॉन के खिलाफ जांच का आदेश

### पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेकर तफ्तीश को तवज्जो दी

**संवाददाता, सूरत।** शहर के वराछा क्षेत्र में एक युवती द्वारा हथियार लेकर खुलेआम घूमने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल हुए इस वीडियो के बाद पुलिस महकमा हरकत में आ गया है। मामले की जांच का आदेश करके कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है।



सूरत शहर में पुलिस का जैसे कोई अस्तित्व ही नहीं रह गया हो इस तरह से वराछा क्षेत्र में एक युवती हाथ में धारिया लेकर घूमते हुए लोगों के बीच में खौफ पैदा कर रही थी। इस तरह का वीडियो सार्वजनिक होने पर यह मामला पुलिस के चुनौती बन गया। चारो ओर हो रही जग-हंसाई के साथ ही जब यह वाकया पुलिस महकमें तक पहुंचा तो पुलिस कमिश्नर ने तेवर सख्त करते हुए आतंक का पर्याय बनी उस युवती के खिलाफ जांच करने का आदेश जारी कर दिया और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाए, इस तरह का आदेश पुलिस कमिश्नर द्वारा करने पर स्थानीय पुलिस सहित महकमा मामले की जांच में जुट गया है।

# कीट नाशक दवा खाने से अधेड़ की मौत

**संवाददाता, सूरत।** वराछा के राधाकृष्णा मंदिर के पास त्रिकम नगर में रहने वाला एक अधेड़ कीट नाशक दवा खा लिया। जिसको इलाज के लिए आयुष अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वराछा विस्तार राधाकृष्णा मंदिर के सामने महालक्ष्मी अपार्टमेंट घर नं. सी-309 में रहने वाला महेन्द्रकुमार अन्नराज जैन (44 वर्ष) सोमवार को रात 11 बजे के करीब किसी कारण से अनाज में रखी जाने वाली गोली खा लिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वे महेन्द्र को इलाज के लिए आयुष अस्पताल में ले गए। जहां इलाज शुरू करते ही महेन्द्र की मौत हो गई। घटना के संदर्भ में वराछा पुलिस जांच कर रही है।



**सूरत। टीकमनगर ईश्वर कृपा स्थित सदगुरु अपार्टमेंट में ईसर-गौर की आराधना करती युवतियां।**

## लालगेट की किशोरी ने लगाई फांसी

**संवाददाता, सूरत।** शहर के लालगेट विस्तार खांड़ बाजार के सामने 12 वर्षीय किशोरी ने किसी अज्ञात कारणों से अपने घर में पंखे के साथ दुपट्टा बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगेट विस्तार खांड़ बाजार के सामने अमन अपार्टमेंट फ्फ्लैट नं. 502 में रहने वाले क हसन कासमभाई मेमण की पुत्री सनोलर (12 वर्ष) सोमवार को किसी कारणों से अपने घर में लगे पंखे के साथ दुपट्टा बांधकर फांसी पर झूल गई। घटना की जानकारी होने पर लालगेट पुलिस स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।




### दिल्ली से आये निरंकारी प्रचारक ने दिये सहज जीवन के नुख्से

# दिनभर की भागदौड़ में इश्वर को न भूले: निरंकारी संत

**सूरत।** इन्सान भौतिकता की चाकाचोन्द में उलझा हुआ है दिनभर की भागदौड़ में प्रभु को भूल बैठा है जबकि भौतिकता से पहले आध्यात्मिक जरुरी है।

उक्त उदगार दिल्ली से नौ दिवसीय प्रचारयात्रा पर आये निरंकारी प्रचारक संत श्री विनोद खन्ना जी ने सोमवार अंबागर स्थित सोमनाथ सोसायटी में आध्यात्मिक सत्संग में व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि जुठ के नहीं सच के ग्राहक बने भ्भौतिक संसाधन तथा हीरा जवेरात डायमंड इन सबका अस्तित्व कभी भी खत्म हो सकता है, ज्यो संसाार में सब से अनमोल है परामत्मा इसका अस्तित्व कभी भी खत्म नहीं हो सकता लेकिन एक विडम्बना है कि इन्सान सच की वजह जुठ की प्रति ज्यादा आकर्षित हो रहा है।

उन्होंने कहाकि डायमंड नगरी में रहनेवाले अपने जीवन को भी डायमंड बनाये उसके लिए मनुष्यजन के मूल लक्ष्य को पाना होगा उन्होंने कहाकि मनुष्य जन्म का मुललक्ष्य प्रभु को पाना है ज्यो केवल सदगुरु की कृपा से संभव है।

# बारातियों से भरा ट्रक नाले में गिरा, 31 लोगों की मौत



**भावनगर।** भावनगर-राजकोट हाईवे पर रंधोला गांव के निकट बारातियों से भरा एक ट्रक ब्रिज से नाले में जा गिरा। इस भीषण दुर्घटना में ट्रक में सवार 31 लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य कई घायल हो गए। ट्रक में महिला और बच्चों समेत कुल 60 जितने लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक भावनगर जिले के अनिडा गांव निवासी प्रवीणभाई कोली अपने पुत्र विजय कोली की ट्रक में बारात लेकर बोटाद जिले के टाटम की ओर जा रहे थे। रास्ते में रंधोला के निकट बारातियों से भरा ट्रक बेलगाम हो गया और ब्रिज से नीचे जा गिरा। ब्रिज से ट्रक के नीचे गिरते ही दर्दनाक चीखों से वातावरण गूंज उठा और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही भावनगर, बोटाद, सिहोर, उमराला से, एम्ब्युलैंस 108, पुलिस और फायर ब्रिगेड का क्रेइन के साथ काफिला घटनास्थल पर पहुंच गया तथा युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू कर दिया। इस भीषण हादसे में 31 जितने लोगों की मौत होने की प्राथमिक जानकारी मिली है। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक शराब के नशे में था। सुबह करीब 7.30 बजे रंधोला गांव की खोडियार होटल के निकट यह हादसा हुआ, जो अनिडा गांव से 15 किलोमीटर दूर है। यानि अनिडा से बारातियों को लेकर टाटम की ओर बढ़ रहा ट्रक 15 किलोमीटर दूर हादसे का शिकार हो गया। ट्रक 25 फूट ऊंचे ब्रिज से नाले गिरा। जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में दूल्हे के माता और पिता की भी मौत हो गई। अंतिम क्षण ट्रक में जाने का इरादा बदलने से दूल्हा बच गया है। 150 की आबादी वाले अनिडा गांव में इतनी बड़ी संख्या में मौत से मातम पसर गया है। दुर्घटना की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने अधिकारियों को घायलों समेत जरूरतमंदों को पूरी मदद के आदेश दे दिए। घटना के बाद ट्रक के नीचे फंसे शवों को बाहर निकाल लिया गया है और घायलों को अस्पताल पहंचा दिया गया है। मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधायक जीतु वाघाणी ने भीषण दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए जरूरतमंद लोगों को युद्धस्तर पर सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही है।

## राज्य में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा 12 मार्च से शुरू

**अहमदाबाद।** गुजरात में आगामी 12 मार्च से कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी, जो 28 मार्च 2018 को पूर्ण होगी। कक्षा 10 और कक्षा 12 की परीक्षा के लिए कुल 1714979 विद्यार्थी पंजीकृत हुए हैं। शिक्षा मंत्री भूपेन्द्रसिंह चूडास्मा ने बताया कि विद्यार्थी शांत चित्त एवं प्रसन्नतापूर्वक परीक्षा दे सकें, इसके लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सभी व्यवस्था की गई हैं। गुजरात माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड द्वारा कक्षा 10 की परीक्षाएं 12 से 23 मार्च 2018 के दौरान ली जाएगी। जिसका समय सुबह 10.00 बजे से 1.20 बजे तक होगा। कक्षा 10 की परीक्षा के लिए 1103674 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। कक्षा 12 विज्ञान संकाय की परीक्षा 12 मार्च से 22 मार्च 2018 के दौरान दोपहर 3.00 बजे से 6.30 बजे तक होगी।

# विदेशी शराब और बियर के साथ एसआरपी के 10 जवान गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** शहर के पूर्वी क्षेत्र ओढव से पुलिस ने विदेशी शराब और बियर टीन के साथ स्टेट रिजर्व पुलिस (एसआरपी) के 10 जवानों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

रामोल थाने के पीएसआई ने ओढव पुलिस थाने में एसआरपी के 10 जवानों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के मुताबिक दक्षणि भारत के चेन्नई में ऑल इंडिय पुलिस ड्यूटी मीट हुई थी। जिसमें अहमदाबाद समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में एसआरपी ग्रुप में सेवारत 10 जवान चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट स्पर्धा में भाग लेने गए थे। एसआरपी के सभी 10 जवान डॉग स्क्वॉड में सेवारत हैं। चेन्नई में कार्यक्रम खत्म होने के बाद एसआरपी के जवान सरकारी बस में अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। रास्ते में कर्नाटक और महाराष्ट्र की सीमा स्थित एक बार से एसआरपी के जवानों ने विदेशी शराब और बियर की खरीदी की थी।

इसकी जानकारी किसी मुखबिर ने अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त एके सिंह को दे दी। सूचना के आधार पर एके सिंह ने रामोल पुलिस निगरानी रखने और शराब मिलने पर उचित कार्यवाही का आदेश दिया था। रामोल पुलिस वॉच पर थी उस दौरान एसआरपी जवानों को लेकर जा रही सरकारी बस का पुलिस ने पीछा किया। हांलाकि तब बस ओढव के राजेन्द्र पार्क सोसायटी तक पहुंच गई। रामोल पुलिस ने बस को रोक लिया और राजेन्द्र पार्क सोसायटी ओढव थाने के तहत होने से स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दे दी।

ओढव और रामोल पुलिस ने संयुक्त रूप से बस की तलाशी ली, जिसमें विदेशी शराब की 22 बोतलें और बियर के 29 टीन बरामद हुए। शराब बरामद होने के बाद एसआरपी के सभी जवानों को ओढव पुलिस थाने ले जाया गया, जहां उनके खिलाफ रामोल पुलिस की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार एसआरपी के जवानों में त्रिलोचन पंडेर, महेन्द्रसिंह डाभी, किशोर चौहाण, कमलेश डामोर, महेन्द्रसिंह जाडेजा, सुरेश सोलंकी, सरतान मावी, नरसिंह वाघेला, परवीण मोगरिया और ईश्वर रोहित शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com